# कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

पत्रांक 764 /

प्रेषकः–

**बादल राज**
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

**सेवा में,**

सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी,
अवर विद्यालय निरीक्षक,
प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
सभी प्रारंभिक विद्यालय
सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त
(अल्पसंख्यक सहित) प्रधानाध्यापक/
प्रभारी प्रधानाध्यापक/शिक्षक/शिक्षिका
राँची जिला।

**राँची, दिनांक** 07-03-2025 /

**विषयः–** **सभी प्रारंभिक विद्यालय सरकारी विद्यालयों में अधोहस्ताक्षरी द्वारा विडियो कॉलिंग के माध्यम से पूछे जाने वाले सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा माह फरवरी 2025 से जिले के लगभग सभी प्रखण्ड अंतर्गत अवस्थित सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत् (वर्ग 1 से 8 तक) छात्र/छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसमें सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। छात्रों के अधिगम की मॉनिटरिंग अधोहस्ताक्षरी द्वारा विडियो कॉल के माध्यम से की जा रही है। भविष्य में इसे और बेहतर बनाने हेतु हर माह प्रश्नोत्तरी (जिले एवं राज्य से संबंधित) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी एवं मॉनिटरिंग विडियो कॉल के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी एवं प्रखण्ड प्रभारी लिपिक द्वारा निरंतर रूप से की जायेगी।

इस पत्र के साथ मार्च 2025 माह के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का प्रारूप संलग्न कर आप सभी को भेजते हुए निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त प्रारूप में दी गयी प्रश्नोत्तरी की तैयारी अपने अपने विद्यालयों के सभी छात्र/छात्राओं को करायी जाए।

<u>अनुलग्नकः</u>– प्रश्नोत्तरी का प्रारूप संलग्न।

विश्वासभाजन
07/03/25
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची।

# जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

(सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी : सीरीज–2)
राँची जिला : सामान्य ज्ञान

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राँची जिला की स्थापना किस वर्ष हुई? | 1899 |
| 2. | राँची जिले में कुल कितने प्रखण्ड हैं? | 18 |
| 3 | राँची जिले में कुल कितने पंचायत हैं? | 305 |
| 4 | राँची जिले के अन्तर्गत कितने विधानसभा क्षेत्र हैं? | 7 (तमाड़, सिल्ली, खिजरी, राँची, हटिया, कांके, माण्डर) |
| 5 | राँची जिले के वर्त्तमान उपायुक्त (DC) का क्या नाम है? | श्री मंजूनाथ भजंत्री |
| 6 | राँची के वरीय पुलिस अधीक्षक (SSP) का क्या नाम है? | श्री चन्दन कुमार सिन्हा |
| 7 | राँची के उप विकास आयुक्त (DDC) का क्या नाम है? | श्री दिनेश कुमार यादव |
| 8 | राँची जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) का क्या नाम है? | श्री विनय कुमार |
| 9 | राँची जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक (DSE) का क्या नाम है? | श्री बादल राज |
| 10 | राँची जिले में कितने पुलिस स्टेशन हैं? | 45 |
| 11 | राँची जिले का क्षेत्रफल कितना है? | 5097 वर्ग किमी |
| 12 | राँची जिले की जनसंख्या कितनी है? | 29,14,253 (29 लाख) (2011 की जनगणना के अनुसार) |
| 13 | राँची जिले की साक्षरता की दर क्या है? | 76.06% (2011 की जनगणना के अनुसार) |
| 14 | राँची जिले में कुल कितने गाँव हैं? | 1311 |
| 15 | राँची जिले के जनसंख्या का घनत्व क्या है? | 572 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | राँची जिला झारखण्ड के किस प्रमण्डल में है? | दक्षिणी छोटानागपुर |
| 17 | झारखण्ड/बिहार का प्रथम नगरपालिका की स्थापना कब और कहाँ हुई? | 1869 |
| 18 | राँची हवाई अड्डा का क्या नाम है? | बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा |
| 19 | राँची लोकसभा के वर्त्तमान सांसद का क्या नाम है? | श्री संजय सेठ |
| 20 | राँची जिले का वाहन निबंधन संख्या क्या है? | JH-01 |
| 21 | राँची जिले में कुल कितन अनुमण्डल है? | दो (राँची और बुण्डू) |
| 22 | हैवी इंजीनियरिंग कोरपोरेशन (HEC) कहाँ अवस्थित है? | हटिया (राँची) |
| 23 | बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कहाँ अवस्थित है? | काँके (राँची) |
| 24 | बिड़ला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (BIT) कहाँ अवस्थित है? | मेसरा (राँची) |
| 25 | झारखण्ड के दूसरे सबसे ऊँचे जलप्रपात, हुन्डरू जलप्रपात की ऊंचाई कितनी है? | 322 फीट |
| 26 | किन दो प्रसिद्ध नदियों का उदगम स्थल नगड़ी (राँची) में है? | स्वर्णरेखा नदी और दक्षिणी कोयल नदी |
| 27 | राँची में स्थित टैगोर हिल किसका आश्रम स्थल था? | श्री ज्योतिन्द्र नाथ टैगोर |
| 28 | राँची स्थित चिकित्सा महाविद्यालय (Medical College) का क्या नाम है? | राजेन्द्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (RIMS) रिम्स |
| 29 | राँची संग्रहालय (Museum) की स्थापना कब हुई? | 1972 |
| 30 | झारखण्ड राज्य का पहला गाँव जो पूरी तरह से नशामुक्त गाँव है? | आरा–केरम (ओरमांझी) |
| 31 | दशम जलप्रपात किस नदी पर है? | कांची नदी |
| 32 | राँची जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कितना प्रतिशत जंगल है? | 22.9% |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | आपका विद्यालय किस पंचायत/वार्ड के अन्तर्गत है? | विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्रों को इन प्रश्नों का उत्तर बताया जाय। |
| 34 | आपका विद्यालय किस प्रखण्ड में है? | |
| 35 | आपका विद्यालय किस विधान सभा क्षेत्र में पड़ता है? | |
| 36 | आपके क्षेत्र के वर्त्तमान विधायक कौन हैं? | |
| 37 | आपके पंचायत/वार्ड के मुखिया/वार्ड पार्षद का क्या नाम है? | |
| 38 | बिरसा जैविक उद्यान कहाँ अवस्थित है? | ओरमांझी (राँची) |
| 39 | राँची जिले का लिंगानुपात (2011 की जनगणना के अनुसार) कितनी है? | 949 |
| 40 | भारत का एकमात्र एंग्लो इंडियन गाँव कौन सा है? | मैक्लुस्कीगंज (राँची) |
| 41 | दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल का मुख्यालय कहाँ है? | राँची |
| 42 | राँची जिले में निवास करने वाली सर्वाधिक आबादी वाली जनजाति कौन सी है? | मुण्डा |
| 43 | प्रसिद्ध सूर्य मंदिर कहाँ अवस्थित है? | बुण्डू (राँची) |
| 44 | प्रसिद्ध देउड़ी मंदिर कहाँ अवस्थित है? | तमाड़ (राँची) |
| 45 | 1938 में भारत सरकार द्वारा देश का पहला बड़ा एल्मुनियम कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था? | मुरी (राँची) |
| 46 | भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान (पूर्व नाम भारतीय लाह अनुसंधान केन्द्र) कहाँ अवस्थित है? | नामकुम (राँची) |
| 47 | CCL (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) का मुख्यालय कहाँ है? | राँची |
| 48 | बिरसा कृषि विश्व विद्यालय कहाँ अवस्थित है? | कांके (राँची) |
| 49 | झारखण्ड राज्य में स्थापित होने वाला पहला विश्व विद्यालय कौन सा है ? | राँची विश्व विद्यालय (1960) |
| 50 | प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर का निर्माण किस वर्ष हुआ था? | 1691 |